# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: नवमी** **विषय: हिंदी**

**अवधि: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न-पत्र के दो खण्ड हैं- खंड-'अ' और खंड 'ब'। खंड अ में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और खंड ब में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
- प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- खंड-अ में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड-ब में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

## खण्ड- अ (वस्तुपरक / बहुविकल्पी प्रश्न)

**प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)**

अंतराल का मतलब यह है कि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के लोगों के दिमाग में पुरानी पीढ़ी से कुछ अलग बातें आती है। दूसरे शब्दों में इस पीढ़ी अंतराल शब्द को समझा जाए तो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के लोगों के मानसिक सोच में आने वाले बदलाव को जनरेशन गैप कहा जाता है। आपने भी अक्सर देखा होगा कि जिस प्रकार से आपके पिताजी सोचते थे, उस प्रकार से आप नहीं सोच पाते हैं। आप उनसे कुछ अलग सोचते हैं और हो सकता है कि आने वाली अगली पीढ़ी आपसे भी कुछ अलग सोचने का प्रयास करेगी और ऐसा संभव है। हर एक पीढ़ी में मानसिक सोच में निरंतर बदलाव आता रहता है और यह बदलाव जरूरी है। इसी बदलाव को पीढ़ी अंतराल कहा जाता है। उदाहरण के रूप में समझा जाए तो हमारे पूर्वज विषम परिस्थितियों में भी रहने की क्षमता रखते थे। लेकिन आज की पीढ़ी हर प्रकार की सुख सुविधा चाहती है।आजकल के बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बैठने के बजाय वह लोग स्मार्टफोन पर समय अधिक व्यतीत करना पसंद करते हैं। इसके कारण से परिवारों में कलह का कारण भी उत्पन्न होता है, क्योंकि इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में इतना समय ही नहीं मिल पाता कि अपने परिवार वालों को समय दे सकें। लेकिन जितना भी मिलता है, उतना समय अपने स्मार्टफोन को चलाने में व्यस्त कर देते हैं।आने वाली पीढ़ी में लगातार मानसिक बदलाव होते रहते है। आज के समय में हर किसी को सुविधा की आवश्कता रहती है। लेकिन हमारे पूर्वज इन सुविधाओं के बिना भी रह सकते है।

DoE, Delhi

क. गद्यांश के अनुसार हम अपने परिवार वालों को समय क्यों नहीं दे पाते ?

A. असुविधा एवं आभाव के कारण।

B. मानवनिर्मित आपदाओं के कारण।

C. आपस में मन न मिलने के कारण।

D. भाग दौड़ भरी जिंदगी के कारण।

ख. विषम परिस्थितियों में भी रहने की क्षमता कौन रखते थे ?

A. हमारे वंशज।

B. हमारे पूर्वज।

C. हमारे रिश्तेदार।

D. हमारे पड़ोसी।

ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) हर एक पीढ़ी में मानसिक सोच में निरंतर बदलाव आता रहता है।

कारण (R) इसी बदलाव को पीढ़ी अंतराल कहा जाता है।

A. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

B. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ. आज की पीढ़ी हर प्रकार की सुख सुविधा चाहती है।' गद्यांश में आए इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा / कौन-से तर्क सही हैं?

1. पृथ्वी पर उपलब्ध संसाधनों की तुलना में हमारे लिए सुविधाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

2. आज के समय में हर किसी को सुविधा की आवश्कता रहती है।

3. आजकल के बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बैठने के बजाय वह लोग स्मार्टफोन पर समय अधिक व्यतीत करना पसंद करते हैं।

A. 1 सही।

B. 2 सही।

DoE, Delhi

C. 3 सही।

D. 2 और 3 सही।

ङ. एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के लोगों के मानसिक सोच में आने वाले बदलाव को क्या कहा जाता है?

A. इन्फारमेशन गैप।

B. सूचना प्राप्ति।

C. जनरेशन गैप।

D. जानकारी।

**प्रश्न 2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)**

मस्ती से भरके जबकि हवा
सौरभ से बरबस उलझ पड़ी
तब उलझ पड़ा मेरा सपना
कुछ नये-नये अरमानों से;
गेंदा फूला जब बागों में
सरसों फूली जब खेतों में
तब फूल उठी सहसा उमंग
मेरे मुरझाये प्राणों में;
कलिका के चुम्बन की पुलकन
मुखरित जब अलि के गुंजन में
तब उमड़ पड़ा उन्माद प्रबल
मेरे इन बेसुध गानों में;
ले नई साध ले नया रंग
मेरे आंगन आया बसंत
मैं अनजाने ही आज बना

DoE, Delhi

हूँ अपने ही अनजाने में!
जो बीत गया वह बिभ्रम था,
वह था कुरूप, वह था कठोर,
मत याद दिलाओ उस काल की,
कल में असफलता रोती है!
जब एक कुहासे-सी मेरी
सांसें कुछ भारी-भारी थीं,
दुख की वह धुंधली परछाँही
अब तक आँखों में सोती है।

क. पद्यांश के अनुसार खेतों में किसके फूल खिलें?

A. कनेर के।

B. गुलाब के।

C. गेंदे के ।

D. सरसों के ।

ख. पद्यांश के अनुसार गेंदे का फूल कहाँ खिला?

A. खेतों में ।

B. गमलों में ।

C. बागों में।

D. जंगल में।

ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) नई साध एवं नया रंग लेकर मेरे आंगन में बसंत आया।

कारण (R) इससे मेरे मुरझाए हुए प्राणों में उमंग भर उठा है।

A. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

B. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ. आँखों में किसकी परछाई अब तक सोती है?

A. दुःख की।

B. सुख की।

C. आराम की।

D. उत्साह की।

ङ. 'सरसों फूली जब खेतों में तब फूल उठी सहसा उमंग।' कविता की पंक्ति का आशय है।

A. सरसों के पीले फूल हमें हमारे लक्ष्य से भटकाते हैं।

B. पीले फूलों के खिलने से हमारे अंदर आलस्य आता है

C. सरसों के पीले पीले फूल हमारे अंदर उमंग और उत्साह भरते हैं।

D. सरसों के फूल अतीत की बातें याद दिलाते हैं।

**प्रश्न 3.निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

क. 'अनुभव' में उपसर्ग बताइए-

A. अनु

B. अ

C. अनुभ

D. भव

ख. 'नैतिकता' में कौन सा प्रत्यय है?

A. कता

B. ता

C. नै

D. नैतिक

DoE, Delhi

ग. ‘प्रतिभागी’ शब्द से मूलशब्द और उपसर्ग अलग कीजिए-

A. प्र+ तिभाग+ई

B. प्रति+भाग+ई

C. प्रति+भा+गी

D. प्र+ति+भाग+ई

घ.निम्नलिखित वाक्यों में से ‘उपसर्ग’ के गुण पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए ।

1. ‘उपसर्ग’ शब्द के प्रारंभ में लगते हैं।
2. ‘उपसर्ग’ शब्द के अंत में लगते हैं।
3. ‘उपसर्ग’ लगने के बाद शब्द के अर्थ में परिवर्तन होता है।
4. ‘उपसर्ग’ लगने के बाद शब्द के अर्थ में परिवर्तन नहीं होता है।

A. 1 और 2 सही है।

B. 2 और 3 सही है।

C. 1 और 3 सही है।

D. 2 और 4 सही है।

ङ. कॉलम 1 और कॉलम 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1. सीमित | i. इत |
| 2. सामाजिक | ii. वाला |
| 3. मिठाईवाला | iii. इक |

A. 1 ii, 2 iii, 3 ii

B. 1 iii, 2 ii, 3 i

C. 1 iii, 2 i, 3 ii

D. 1 i, 2 iii, 3 ii

DoE, Delhi

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

क. 'दोपहर' समस्तपद का समास विग्रह होगा-

A. दो पहरों की बात

B. दो पहर में प्राप्त

C. दो पहरों का समाहार

D. दो पहरों से प्राप्त

ख. 'त्रिभुवन' समस्त पद में समास होगा-

A. कर्मधारय समास

B. तत्पुरुष समास

C. द्विगु समास

D. अव्ययीभाव समास

ग. जहाँ समस्तपदों में विद्यमान दो पदों में से कोई प्रधान न होकर, तीसरे अन्य पद की प्रधानता हो, वहाँ समास होता है-

A. द्वंद्व समास

B. कर्मधारय समास

C. अव्ययीभाव समास

D. बहुव्रीहि समास

घ. निम्नलिखित समासों में कर्मधारय समास के उदाहरण हैं।

1. माता-पिता

2. नीलगगन

3. पीतांबर

4. रात-दिन

A. 1 और 4 सही है।

B. 2 और 3 सही है।

DoE, Delhi

C. 1 और 3 सही है।

D. 2 और 4 सही है।

ङ. कॉलम 1 और कॉलम 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1. त्रिवेणी<br>2. गजानन (गणेश)<br>3. पाठशाला | i. तत्पुरुष समास<br>ii. द्विगु समास<br>iii. बहुव्रीहि समास |

A. 1 ii, 2 iii, 3 i

B. 1 iii, 2 ii, 3 i

C. 1 iii, 2 i, 3 ii

D. 1 i, 2 iii, 3 ii

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

क. वाक्य का प्रकार बताइए- 'सूर्य पश्चिम में अस्त होता है।'

A. विधानवाचक वाक्य

B. आज्ञावाचक वाक्य

C. प्रश्नवाचक वाक्य

D. निषेधवाचक वाक्य

ख. वाक्य का प्रकार बताइए- 'अहा! कैसा सुंदर दृश्य है'।

A. इच्छा वाचक वाक्य

B. विधानवाचक वाक्य

C. विस्मयवाचक वाक्य

D. संकेतवाचक वाक्य

ग. 'आज हिन्दी शिक्षक विद्यालय आए थे।' इस वाक्य को निषेध वाचक वाक्य में लिखा जाएगा -

A. क्या आज हिन्दी शिक्षक विद्यालय आए थे?

DoE, Delhi

B. अरे! आज हिन्दी शिक्षक विद्यालय आए हुए थे।

C. आज हिन्दी शिक्षक विद्यालय क्यों आए थे?

D. आज हिन्दी शिक्षक विद्यालय नहीं आए थे।

घ. जिन वाक्यों से किसी कार्य के निषेध (न होने) का बोध हो', वहाँ अर्थ की दृष्टि से कौन सा वाक्य भेद होता है -

A. संदेहवाचक वाक्य

B. निषेधवाचक वाक्य

C. विस्मयवाचक वाक्य

D. प्रश्नवाचक वाक्य

ङ. इच्छावाचक वाक्य का उदाहरण है -

A. अरे! यह चोट कैसे लगी।

B. ईश्वर सभी को खुश रखे।

C. क्या तुमने गमले में पानी डाल दिया?

D. बर्गर मत खाओ।

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

क. निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार पहचानिए -

' सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका' ।

A. यमक अलंकार

B. अनुप्रास अलंकार

C. उपमा अलंकार

D. रूपक अलंकार

ख. दी गई पंक्ति में अलंकार पहचानिए -

' नीलकमल से सुंदर नयन '।

A. यमक अलंकार

DoE, Delhi

B. अनुप्रास अलंकार

C. उपमा अलंकार

D. रूपक अलंकार

ग. दी गई पंक्ति में अलंकार पहचानिए -

'तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए।'

A. यमक अलंकार

B. अनुप्रास अलंकार

C. उपमा अलंकार

D. रूपक अलंकार

घ. निम्न में से रूपक अलंकार का उदाहरण पहचानिए।

A. मधुर मधुर मुस्कान मनोहर, मनुज वेश का उजियाला।

B. लाल किरण-सी चोंच खोल।

C. नील गगन-सा शांत हृदय था सो रहा।

D. मैया! मैं तो चन्द्र-खिलौना लैहों।

ङ. जब किसी पंक्ति में एक ही व्यंजन बार-बार आए, तो कौन-सा अलंकार होता है?

A. यमक अलंकार

B. अनुप्रास अलंकार

C. उपमा अलंकार

D. रूपक अलंकार

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X5=5)**

मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है। परिवार में बाबा फ़ारसी और उर्दू जानते थे। पिता ने अंग्रेजी पढ़ी थी। हिंदी का कोई वातावरण नहीं था। मेरी माता जबलपुर से आई तब वे अपने साथ हिंदी लाई । वे पूजा-पाठ भी बहुत करती थीं। पहले-पहल उन्होंने मुझको 'पंचतंत्र' पढ़ना सिखाया । बाबा कहते थे, इसको हम विदुषी बनाएँगे। मेरे संबंध में उनका विचार बहुत ऊँचा रहा।

DoE, Delhi

इसलिए 'पंचतंत्र' भी पढ़ा मैंने, संस्कृत भी पढ़ी। ये अवश्य चाहते थे कि मैं उर्दू - फ़ारसी सीख लूँ, लेकिन वह मेरे वश की नहीं थी। मैंने जब एक दिन मौलवी साहब को देखा तो बस, दूसरे दिन मैं चारपाई के नीचे जा छिपी। तब पंडित जी आए संस्कृत पढ़ाने माँ थोड़ी संस्कृत जानती थीं गीता में उन्हें विशेष रुचि थी। पूजा-पाठ के समय मैं भी बैठ जाती थी और संस्कृत सुनती थी। उसके उपरांत उन्होंने मिशन स्कूल में रख दिया मुझको मिशन स्कूल में वातावरण दूसरा था, प्रार्थना दूसरी थी। मेरा मन नहीं लगा। वहाँ जाना बंद कर दिया। जाने में रोने-धोने लगी।

क. पूजा-पाठ के समय कवयित्री भी बैठ जाती थी और क्या सुनती थी?

A. अंग्रेजी

B. हिन्दी

C. संस्कृत

D. फारसी

ख. लेखिका की माता कहाँ से आई थी?

A. आगरा

B. दिल्ली

C. इलाहाबाद

D. जबलपुर

ग. पहले पहल लेखिका को उसकी माताजी ने कौन-सी पुस्तक पढ़ाई?

A. जातक कथाएं

B. पंचतंत्र

C. अर्थशास्त्र

D. गीता

घ. लेखिका के पिता ने कौन सी भाषा पढ़ी थी?

A. उर्दू

B. संस्कृत

C. हिन्दी

D. अंग्रेज़ी

DoE, Delhi

ङ. लेखिका को विदुषी उसके परिवार में कौन बनाना चाहता था?

A. उसकी मां

B. उसके चाचा

C. उसके पिता

D. उसके बाबा

**प्रश्न 8. 'क्षितिज' के गद्य पाठों के आधार निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X2=2)**

क. किस पक्षी ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया था?

A. कबूतर

B. मैना

C. गौरैया

D. कोयल

ख. प्रेमचंद के जिस फोटो की चर्चा 'प्रेमचंद के फटे जूते' व्यंग्य में की गई है उस फोटो में प्रेमचंद के साथ दूसरा व्यक्ति कौन है?

A. लेखक

B. मित्र

C. पत्नी

D. पुत्र

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X5=5)**

कोहरे से ढँकी सड़क पर

बच्चे काम पर जा रहे हैं

सुबह सुबह बच्चे काम पर जा रहे हैं

हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है

DoE, Delhi

इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?
क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं
सारे खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
सारे मदरसों की इमारतें
क्या सारे मैदान, सारे बगीचे
और घरों के आँगन खत्म हो गए हैं एकाएक

क. कवि ने घरों से किसके खत्म हो जाने की बात कही है?

A. आँगन
B. बैठक
C. रसोई
D. दालान

ख. कवि ने मदरसे की इमारतों को किस आपदा से ढह जाने की बात कही है ?

A. तूफान से
B. आंधी से
C. भूकंप से
D. बाढ़ से

ग. कवि ने किताबों को किन के द्वारा चट कर जाने की आशंका व्यक्त की है?

A. चींटियों द्वारा

DoE, Delhi

B. दीमकों द्‌वारा

C. फफूंदों द्‌वारा

D. काक्रोचों द्‌वारा

घ. बच्चे किससे ढकी सड़क पर होकर काम पर जा रहे हैं?

A. बारिश

B. ओला

C. कुहरा

D. बर्फ

ङ. कवि के अनुसार सारी गेंदें कहाँ गिर गई हैं?

A. नदी में

B. तालाब में

C. अंतरिक्ष में

D. कुओं में

**प्रश्न 10. 'क्षितिज' के पद्‌य पाठों के आधार निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X2=2)**

क. मेघ आए पाठ में नदी किसका प्रतीक है?

A. प्रेयसी का

B. बहती धारा का

C. गाँव की युवती का

D. वर्षा का

ख. कैदी और कोकिला पाठ में कवि ने जंजीरों को क्या कहा है?

A. परेशानी की वस्तु

B. गहना

C. शीतलता प्रदान करने वाली वस्तु

DoE, Delhi

D. एक हथियार

**खण्ड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)**

क. 'सांवले सपनों की याद' पाठ में लेखक ने सालिम अली के व्यक्तित्व का जो चित्र खींचा है उसे अपने शब्दों में लिखिए?

ख. 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग किन संदर्भों को इंगित करने के लिए किया गया होगा? युक्तिसंगत उत्तर दीजिए।

ग. जिस समय लेखक ने तिब्बत की यात्रा की उस समय तिब्बत की यात्रा करना जोखिम से भरा क्यों था? 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर लिखिए।

घ. 'मेरे बचपन के दिन' पाठ में लेखिका ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

**प्रश्न 12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)**

क. लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों? मेघ आए पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ख. 'कैदी और कोकिला' पाठ में किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है, और क्यों?

ग. 'ग्राम श्री' कविता में किस मौसम के सौंदर्य का वर्णन है?

घ. सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चे वंचित क्यों हैं? बच्चे काम पर जा रहे हैं पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित पर निम्नलिखित 3 प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए- (4x2=8)**

क. जब लेखक को यह अहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो उसने क्या-क्या प्रबंध किए ? 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर लिखिए।

ख. अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं, वह उचित क्यों नहीं है? रीढ़ की हड्डी पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ग. लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे क्यों प्रभावित थीं ? मेरे संग की औरतें पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

DoE Delhi

**प्रश्न 14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

**(6x1=6)**

**क. वृक्ष: धरती के आभूषण**

भूमिका, वनों का महत्त्व, प्रदूषण पर नियंत्रण, जीवों का संरक्षण, संरक्षण की आवश्यकता

**ख. मेरा विद्यालय: मेरा गौरव**

भूमिका, विद्यालय में क्या है अनावश्यक, क्या-क्या है आवश्यक, निष्कर्ष

**ग. मेरे विद्यालय का स्वतंत्रता दिवस समारोह**

भूमिका, विद्यालय का कार्यक्रम, टीवी पर परेड देखना, आकाश में पतंगों का दृश्य, निष्कर्ष

**प्रश्न 15. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए - (5x1=5)**

**क.** आपका नाम रवीश / सकीना है। आपको सहायक पुस्तक की आवश्यकता है, जिसके लिए पुस्तकालय अध्यक्ष को पुस्तक मंगाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**अथवा**

**ख.** आपका नाम रवीश / सकीना है। अपने मित्र को ग्रीष्मकालीन अवकाश (गर्मी की छुट्टियाँ) समय कैंप के लिए निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न 16. क.**दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। **(5x1=5)**

जल जीवन का पर्याय, प्रकृति का वरदान,जल संकट की स्थिति, जल प्रबंधन से लाभ।

**अथवा**

**ख.**आपका नाम राघव / रीना है। आपकी पासपोर्ट खो गया है। पासपोर्ट सेवा केंद्र को 100 शब्दों में ई-मेल लिख कर नया पासपोर्ट प्राप्त करने हेतु अनुरोध कीजिए।

**प्रश्न 17. क.** बढ़ते प्रदूषण पर दो विद्यार्थियों के मध्य 80 शब्दों का संवाद लिखिए। **(4x1=4)**

**अथवा**

**ख.**आप मनीष / मनीषा हैं। हिन्दी के कालांश में पढ़ते समय आपकी किताब कहीं रह गई है। इसकी सूचना देते हुए एक 80 शब्दों का आलेख तैयार कीजिए।

DoE, Delhi